# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक जागरण | 24-4-26 | 4 | 5-6 |

# हकृवि के तीन विद्यार्थी एनएसएस अवार्ड के लिए चयनित : काम्बोज




चयनित विद्यार्थियों के साथ कुलपति प्रो . बलदेव राज काम्बोज • पीआरओ

**जागरण संवाददाता** • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षा निदेशालय हरियाणा द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए राज्य स्तरीय एनएसएस पुरस्कारों की घोषणा में अहम स्थान प्राप्त किया है।

घोषित किए परिणामों के अनुसार पुरुष वर्ग में कृषि महाविद्यालय के विक्रम एवं मोहित बेनिवाल को राज्य एनएसएस पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। वहीं, महिला वर्ग में इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की नेहा को इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुना गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि इससे अन्य विद्यार्थियों को भी समाजसेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

इस अवसर पर ओएसडी डा. अतुल ढींगड़ा, डा. एसके पाहुजा, राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डा. भगत सिंह, डा. चन्द्रशेखर डागर, डा. दीपक कौशिक, डा. लोचन शर्मा व डा. अन्नु उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पवित्र भारत ब्यूरो | 23.04.2026 | -- | -- |

# हकृवि के तीन विद्यार्थी राज्य स्तरीय एनएसएस अवॉर्ड के लिए चयनित

## कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने दी बधाई

**पवित्र भारत ब्यूरो**
**हिसार (हरियाणा):**
23 अप्रैल चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षा निदेशालय, हरियाणा द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए राज्य स्तरीय एनएसएस पुरस्कारों की घोषणा में अग्र स्थान प्राप्त किया है। घोषित किए गए परिणामों के अनुसार पुरुष वर्ग में कृषि महाविद्यालय के विक्रम एवं मोहित बेनिवाल को राज्य एनएसएस पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। वहीं, महिला वर्ग में इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की नेहा को इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुना गया है।



विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बलदेव राज काम्बोज ने इस उपलब्धि के लिए चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने बताया कि इससे अन्य विद्यार्थियों को भी समाजसेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। यह सम्मान न केवल विद्यार्थियों के व्यक्तिगत समर्पण का प्रतीक है बल्कि संस्थान की उच्च गुणवत्ता एवं सामाजिक प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान करते हुए कहा कि वे विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रेरणा लेकर समाज सेवा के कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए आगे आए।

विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि इन स्वयंसेवकों ने सामाजिक सेवा, सामुदायिक विकास, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान शिविर, साक्षरता अभियान तथा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी हमारे विद्यार्थियों ने राज्य स्तर पर ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करके विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है।

इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, डॉ. एसके पाहुजा, राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह, डॉ. चन्द्रशेखर डागर, डॉ. दीपक कौशिक, डॉ. लोचन शर्मा व डॉ. अनु उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 24-4-26 | 4 | 1-2 |

# हकृवि के तीन विद्यार्थी राज्य स्तरीय एन.एस.एस.अवॉर्ड के लिए चयनित



कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज चयनित विद्यार्थियों के साथ।

## कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने दी बधाई

हिसार, 23 अप्रैल (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षा निदेशालय, हरियाणा द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए राज्य स्तरीय एनएसएस पुरस्कारों की घोषणा में अहम स्थान प्राप्त किया है। घोषित किए गए परिणामों के अनुसार पुरुष वर्ग में कृषि महाविद्यालय के विक्रम एवं मोहित बैनीवाल को राज्य एन.एस.एस. पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। वहीं, महिला वर्ग में इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की नेहा को इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुना गया है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि इससे अन्य विद्यार्थियों को भी समाजसेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। यह सम्मान न केवल विद्यार्थियों के व्यक्तिगत समर्पण का प्रतीक है बल्कि संस्थान की उच्च गुणवत्ता एवं सामाजिक प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि इन स्वयंसेवकों ने सामाजिक सेवा, सामुदायिक विकास, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान शिविर, साक्षरता अभियान तथा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक चेतना | 23.04.2026 | -- | -- |

# हकृवि के तीन विद्यार्थी राज्य स्तरीय एनएसएस अवॉर्ड के लिए चयनित

## कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने दी बधाई



**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षा निदेशालय, हरियाणा द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए राज्य स्तरीय एनएसएस पुरस्कारों की घोषणा में अग्र स्थान प्राप्त किया है। घोषित किए गए परिणामों के अनुसार पुरुष वर्ग में कृषि महाविद्यालय के विक्रम एवं मोहित बेनिवाल को राज्य एनएसएस पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। वहीं, महिला वर्ग में इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की नेहा को इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुना गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बलदेव राज काम्बोज ने इस उपलब्धि के लिए चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने बताया कि इससे अन्य विद्यार्थियों को भी समाजसेवा के क्षेत्र में आगे बढने की प्रेरणा मिलेगी। यह सम्मान न केवल विद्यार्थियों के व्यक्तिगत समर्पण का प्रतीक है बल्कि संस्थान की उच्च गुणवत्ता एवं सामाजिक प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान करते हुए कहा कि वे विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रेरणा लेकर समाज सेवा के कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए आगे आए।

विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि इन स्वयंसेवकों ने सामाजिक सेवा, सामुदायिक विकास, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान शिविर, साक्षरता अभियान तथा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी हमारे विद्यार्थियों ने राज्य स्तर पर ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करके विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, डॉ. एसके पाहुजा, राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह, डॉ. चन्द्रशेखर डागर, डॉ. दीपक कौशिक, डॉ. लोचन शर्मा व डॉ. अन्नु उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 24-4-26 | 12 | 2-3 |



# हकृवि के तीन विद्यार्थी राज्य स्तरीय एनएसएस अवॉर्ड के लिए चयनित

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षा निदेशालय, हरियाणा द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए राज्य स्तरीय एनएसएस पुरस्कारों की घोषणा में अहम स्थान प्राप्त किया है। घोषित किए गए परिणामों के अनुसार पुरुष वर्ग में कृषि महाविद्यालय के विक्रम एवं मोहित बेनीवाल को राज्य एनएसएस पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। वहीं, महिला वर्ग में इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की नेहा को इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुना गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने इस उपलब्धि के लिए चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि इन स्वयंसेवकों ने सामाजिक सेवा, सामुदायिक विकास, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान शिविर, साक्षरता अभियान तथा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, डॉ. एसके पाहुजा, राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह, डॉ. चन्द्रशेखर डागर, डॉ. दीपक कौशिक, डॉ. लोचन शर्मा व डॉ. अन्नु उपस्थित रहे।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 24-4-26 | 5 | 6-8 |

# हकृवि के तीन विद्यार्थी राज्य स्तरीय एनएसएस अवॉर्ड के लिए चयनित

## कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने दी बधाई



कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज चयनित विद्यार्थियों के साथ।

हिसार, 23 अप्रैल (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षा निदेशालय, हरियाणा द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए राज्य स्तरीय एनएसएस पुरस्कारों की घोषणा में अह्म स्थान प्राप्त किया है। घोषित किए गए परिणामों के अनुसार पुरुष वर्ग में कृषि महाविद्यालय के विक्रम एवं मोहित बेनिवाल को राज्य एनएसएस पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। वहीं, महिला वर्ग में इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की नेहा को इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुना गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बलदेव राज काम्बोज ने इस उपलब्धि के लिए चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने बताया कि इससे अन्य विद्यार्थियों को भी समाजसेवा के क्षेत्र में आगे बढने की प्रेरणा मिलेगी। यह सम्मान न केवल विद्यार्थियों के व्यक्तिगत समर्पण का प्रतीक है बल्कि संस्थान की उच्च गुणवत्ता एवं सामाजिक प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान करते हुए कहा कि वे विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रेरणा लेकर समाज सेवा के कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए आगे आए। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि इन स्वयंसेवकों ने सामाजिक सेवा, सामुदायिक विकास, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान शिविर, साक्षरता अभियान तथा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी हमारे विद्यार्थियों ने राज्य स्तर पर ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करके विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, डॉ. एसके पाहुजा, राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह, डॉ. चन्द्रशेखर डागर, डॉ. दीपक कौशिक, डॉ. लोचन शर्मा व डॉ. अन्नु उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 24-4-26 | 2 | 3-4 |

## हकृवि के 3 विद्यार्थियों को एनएसएस अवॉर्ड

**हिसार (हप्र) :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के तीन विद्यार्थियों का वर्ष 2023-24 के राज्य स्तरीय एनएसएस पुरस्कार के लिए चयन हुआ है। उच्च शिक्षा निदेशालय, हरियाणा द्वारा घोषित परिणामों में पुरुष वर्ग में कृषि महाविद्यालय के विक्रम और मोहित बेनिवाल तथा महिला वर्ग में इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की नेहा को यह सम्मान मिला है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि इन स्वयंसेवकों ने सामाजिक सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान और साक्षरता जैसे अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाई, जिससे उन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ।